an>

Title: Need to run a local train between Mumbai and Bhiwandi in Maharashtra.

**श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी)** ः मेरे भिवंडी लोक सभा क्षेत्र में भिवंडी शहर है, जहां टैक्सटाइल का बहुत बड़ा कारोबार है और यह स्थान मुम्बई से 50 किलोमीटर की दूरी पर है। भिवंडी देहात टैक्सटाइल का सबसे बड़ा व्यापारिक केन्द्र है। इसके चलते मुम्बई या अन्य शहरों से हजारो व्यापारी काम के सिलसिले में भिवंडी प्रवास करते हैं। साथ ही साथ भिवंडी से भी उतने ही लोग टैक्सटाइल के व्यापार के लिए मुम्बई के लिए प्रवास करते हैं, लेकिन वहां रेल की कोई सुविधा नहीं है। दिवा-पनवेल रेल चलती है और उसी ट्रैक के ऊपर भिवंडी रोड रेलवे स्टेशन है। रेल नहीं होने की वजह से रोड पर भारी यातायात रहता है, जिसके कारण हफ्ते में तीन दिन जाम लगा रहता है। अगर मुम्बई से भिवंडी तक डायरेक्ट लोकल रेल सेवा शुरू कर दी जाए तो लोगों को सुविधा मिलेगी और व्यापार में भी वृद्धि होगी।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस रेल सेवा को शुरू करने के लिए इस बजट में वित्तीय सहायता देने की कृपा करें।